हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 43 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

4 मनमाने उड़ान से यात्री परेशान बिना पूर्व सूचना निरस्त हो रही फ्लाइट



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार

**अनूपपुर।** सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि किसी भी प्राणी का जीवन प्रकृति, जल एवं वायु के बिना संभव नहीं है। यह सभी-सभी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के प्रांगण में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वाटरशेड यात्रा महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं।

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन

**अनूपपुर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश अंतर्गत 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 8 हजार रूपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6 हजार रूपए खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। वर्ष 2024 की खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे।

### 85 ग्रामीणों को मिला रोजगार का जरिया

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कोरिया जिले में ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। इसीक्रम में जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केनापारा में 85 ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निःशुल्क जॉब कार्ड वितरित किए गए। गौरतलब है कि ग्रामवासियों ने समाधान पेटी में आवेदन डालकर रोजगार के लिए जॉब कार्ड की मांग की थी। जिला प्रशासन ने पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई और मौके पर जाकर उन्हें जॉब कार्ड प्रदान किए गए।

### निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर 24 को

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा एसईसीएल के प्रोजेक्ट धड़कन के संयुक्त तत्वाधान में हृदय रोग जांच निःशुल्क शिविर का आयोजन 24 अप्रैल को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। शिविर में 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की विशेष हृदय रोग जांच की जाएगी और चयनित बच्चों का मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एवं धड़कन प्रोजेक्ट के तहत उपचार किया जाएगा।

### दिव्यांग बालिकाओं को मिला व्हीलचेयर व वॉकर

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जनआवेदनों के त्वरित समाधान की दिशा में प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में नपं क्षेत्र अंतर्गत चरचा कॉलरी निवासी श्रीमती तिरोतमा द्वारा अपनी दो दिव्यांग पुत्रियों कु. आंचल 16 वर्ष एवं कु. मान्यता 14 वर्ष के लिए व्हीलचेयर एवं वॉकर की मांग की गई थी। विभागीय अधिकारियों ने आवेदिका के घर जाकर व्हीलचेयर और वॉकर का वितरण किया।

गांव में हैण्डपंप भी दे रहे जवाब, बिगड़ रही पेयजल व्यवस्था

# स्टॉप डेम, नदी सूखे, गहराने लगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के प्रमुख नदियों में शुमार हसदों नदी की धार इस वर्ष अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह में ही कम हो गई है, जिस तरह से इस वर्ष गर्मी बेतहासा बढ़ गई है और आने वाले समय में और भी तेज गर्मी पड़ने की संभावना है, ऐसे में आने वाले समय में हसदों नदी की धार थम सकती है।

वर्तमान में एमसीबी जिले ग्राम देवाडॉड़ जहां हसदों नदी अपने अधिक चौड़ी हो गई है, वहां पर हसदों नदी लगभग सूख चुकी है, केवल एक छोर में कुछ मीटर ही हल्का जल की धार बह रही है। स्थानीय कुछ लोगों ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल महीने में ही पानी की धार कम हो गई है। बीते वर्षो में इस तरह की स्थिति नहीं देखने को मिली थी। इस बार क्षेत्र के लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। एमसीबी जिले के खड़गवां जनपद अंतर्गत ग्राम देवाडॉड़ जहां पर हसदो नदी पर बड़ा पुल बना है, पुल के उपर से रविवार को हसदों नदी की तस्वीर ली गई तो नदी के ज्यादातर हिस्सा रेगिस्तान बन गया है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण नदियों का जल स्तर में गिरावट आ रही है। जल संरक्षण और पौधरोपण के उपायों को बढ़ावा देकर नदियों को बचाया जा सकता है। फिलहाल हसदों नदी के पानी के कम होती धार नदी क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया है। नदी के सूख जाने के कारण नदी किनारे स्थित दर्जनों गांवों के लोगों को सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



सूखा स्टॉप डेम।



सूखी नदी।

### कोरिया से निकलकर महानदी में मिलती है हसदो

प्रदेश के प्रमुख नदियों में शामिल हसदो नदी कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड़ मुख्यालय से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित ग्राम मेंड्रा में उद्गम स्थल है। कोरिया से निकलकर हसदों नदी एमसीबी जिले से होते हुए कोरबा जिला से प्रवाहित होते हुए जांजगीर चांपा जिले में महानदी में जाकर मिल जाती है। इस तरह कोरिया से जांजगीर चांपा तक चार जिलों लंबा सफर तय कर महानदी में मिल जाती है।

### नदी सूखी तो अवैध रेत उत्खनन

एमसीबी जिले के ग्राम देवाडॉड़ तक आते हसदो नदी सूख गई है, इसके चलते नदी से अवैध तरीके से ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत नियम को ताक में रखकर ढुलाई की जा रही है। हसदों नदी के सूखने के बाद वहां उत्तम क्वालिटी का रेत मिल रहा है, इसके चलते बे रोक टोक रेत का उत्खनन कर परिवहन का कार्य लगातार जारी है।

### स्टॉप डेम भी सूखे

एमसीबी जिले के बरबसपुर गांव में इस भीषण गर्मी ने जल संकट को भयावह बना दिया है। गांव का एकमात्र स्टॉप डेम पूरी तरह सूख गया है, जिससे पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव के हैंडपंप भी जवाब देने लगे हैं, जिससे गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तत्काल टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जाए, स्टॉप डेम की सफाई व गहरीकरण की जाए।

# 20 पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कोरिया जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दिन जिले की 20 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्रों का शुभारंभ होगा, जहां से महतारी वंदन योजना के तहत पहला ट्रांजेक्शन किया जाएगा। साथ ही समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

■ पंचायती राज दिवस पर पीएम का लाइव संबोधन भी सुनेंगे ग्रामीण

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों को समस्त तैयारियां पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी पंचायतों में स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि पंचायतों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इन केन्द्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि जनप्रतिनिधि सीधे तौर पर ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सकें। ग्राम सभाओं के दौरान राष्टीय स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी ग्राम पंचायतों को संबोधित करेंगे। राज्य स्तर पर होने वाले आयोजनों का प्रसारण भी ग्राम पंचायतों में सुनने की व्यवस्था की जा रही है। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि पंचायतों को सशक्त बनाकर लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत किया जा रहा है। 73 वें संविधान संशोधन के तहत स्थापित पंचायती राज व्यवस्था आज ग्रामीण भारत के शासन की रीढ़ बन चुकी है और यह दिवस उस सहभागिता को उत्सव के रूप में मनाने का अवसर है।

# सार्वजनिक शौचालयों में साफ-सफाई का अभाव




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के बाजारपारा स्थित पौनी पसारी शेड के बगल में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है, जिससे कि बाजार क्षेत्र के लोगों को सुविधा तो मिल रही है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस जगह के सार्वजनिक शौचालय के नियमित तौर पर साफ -सफाई कराने की दिशा में लापरवाही बरत रहा है, इसके कारण सार्वजनिक शौचालय में गंदगी पसरी हुई है, वहीं आमजन भी स्वच्छता के प्रति बेपरवाह हैं, इसके चलते पौनी पसारी स्थल के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बदहाल हो गई है। सोमवार को उक्त स्थल के सार्वजनिक शौचालय के अंदर की स्थिति का जायजा लिया गया तो गंदगी पसरी दिखाई दी, लोग भी अपनी जिम्मेदारी भूलकर गंदगी फैला रहे हैं। इस दिशा में नपा प्रशासन को साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि इस जगह पर निर्मित सार्वजनिक शौचालय का लाभ बाजार क्षेत्र के लोगों को मिल सके।

### यहां खबर प्रकाशन के बाद खोला ताला

पुराने बस स्टैंड के पास नपा द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है, जिसका उचित देखरेख के अभाव में बदहाल स्थिति में आ गया था, फिर नगर प्रशासन द्वारा मरम्मत कार्य कराने के साथ शौचालय भवन का मरम्मत कार्य कराया गया और सार्वजनिक शौचालय भवन में ताला लगा दिया गया। इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशन किया, इसके बाद नपा प्रशासन ने शौचालय का ताला खोल दिया।

### शहर के ही कई लोगों को जानकारी का अभाव

बाजारपारा में पौनी पसारी शेड के ठीक बगल में नपा द्वारा सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य कराया गया है, जिसके सामने की ओर इस बात की कोई जानकारी अंकित नहीं है, इसके चलते शहर के ही कई लोगों को यह जानकारी नहीं है कि उक्त स्थल पर नपा का सार्वजनिक शौचालय भी स्थित है। भवन के पिछले हिस्से में सार्वजनिक शौचालय है और पीछे के हिस्से में ही जानकारी डिस्प्ले की गई है। हालांकि बाजार के व्यापारियों को इसकी जानकारी है और उसका उपयोग करते हैं, लेकिन वर्तमान में गंदगी भरे होने के कारण उपयोग करने से भी लोग कतरा रहे हैं।

### सुशासन तिहार में बुजुर्ग को मिली पेंशन की राहत

**बैकुण्ठपुर।** उम्र भले ही 83 की हो गई हो, पर उम्मीद अब भी जिंदा है, यह साबित कर दिखाया थाना पारा वार्ड-2 निवासी सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक बैजू सिंह ने, जिन्हें केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण पेंशन की राशि नहीं मिल पा रही थी, परंतु सुशासन तिहार 2025 के तहत आई उनकी फरियाद को न केवल सुना गया, बल्कि उसे संवेदनशीलता के साथ सुलझाया भी गया। नगर पंचायत पटना के कर्मचारी जावेद ने उनकी परेशानी को गंभीरता से लेते हुए खुद उनके घर पहुंचकर सहायता की पहल की। बैजू सिंह को अपने साथ बैंक ले जाकर उन्होंने बैंक मैनेजर से समस्या बताई और आवश्यक प्रक्रिया तत्काल पूरी करवाई। देखते ही देखते वर्षों की सेवा देने वाले इस बुजुर्ग पुलिसकर्मी को उनकी पेंशन फिर से मिलने लगी।

# भीषण गर्मी : 25 से बंद होंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में तय समय से पूर्व ही स्कूलों में ग्रीष्मावकाश दे दिया। इससे स्कूली विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिल गई है, वहीं यह आदेश शिक्षकों के लिए लागू नहीं होगा।

इस आशय का आदेश स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने 22 अप्रैल को जारी किए। आदेश में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को देखते हुए शासकीय अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकी शालाओं में 25 अप्रैल से आगामी 15 जून तक ग्रीष्मावकाश के आदेश जारी किए गए। ऐसा पूर्व के आदेश में आंशिक संशोधन कर किया गया। पूर्व के आदेश के अनुसार 30 अप्रैल तक चालू शैक्षणिक सत्र संचालित होगा, इसके बाद 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित था, लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए तय समय से पूर्व की ग्रीष्मावकाश बच्चों को दे दी गई। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार, यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। शिक्षकों पर यह आदेश लागू नहीं होगा तथा पूर्व में जारी आदेश की अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।

### बच्चों को मिली बड़ी राहत

बढ़ती गर्मी के कारण यह मांग भी उठने लगी थी कि विद्यालयों में बच्चों को अवकाश दे दिया जाए। इसी बीच छुट्टी का आदेश जारी होने से बच्चों को बड़ी राहत मिल गई। उल्लेखनीय है कि गर्मी को देखते हुए 2 अप्रैल से एक पाली में संचालित होने वाली शालाए सुबह 7 से पूर्वान्ह 11 बजे तक संचालित हो रहा था। वहीं जहां दो पाली में स्कूल संचालित होते थे, वहां सुबह की पाली 7 से 11 तथा इसके बाद दूसरी पाली की कक्षाएं शुरू होती थी। सुबह की पाली में संचालित शालाएं 11 बजे तक चलती, लेकिन छोटे बच्चे छुट्टी होने पर खेलते हुए तेज धूम में आराम से तपते हुए घर जाते थे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की संभावना बनी रहती थी।

# स्कूल में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**कोरिया कॉलरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरिया कॉलरी में तीन दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

■ तीन दिन में पुलिस ने सभी आरोपी किए गिरफ्तार

इस मामले में कोरिया पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। चोरों ने स्कूल से कम्प्यूटर सेट समेत कई जरूरी शैक्षणिक सामान चुरा लिए थे, जिससे विद्यालय संचालन प्रभावित हुआ था। क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से लगातार चोरी की घटनाओं से आमजन में दहशत का माहौल था। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पहले से योजना बनाकर विद्यालय में घुसकर चोरी की थी। उन्होंने यह भी कबूला कि चोरी का सामान बरतुंगा निवासी गोपाल सारथी को बेचा गया था। आरोपियों में निर्भय पाण्डे पिता प्रदीप पांडे, अंकित घोष पिता अंजन घोष, डब्लू दास पिता खांगो दास, सोनू दास पिता प्रीतम दास, एक अपचारी बालक वैदिक महंत पिता विक्रम दास महंत को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश सिंह, आरक्षक अमित गुप्ता, बालकरण कुजूर, नियाज अंसारी, रामजी गुप्ता, मुकेश रॉय, और जय सिंह की विशेष भूमिका रही।



# आंजोखुर्द के स्कूल में लगा स्मार्ट टीवी



**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार 2025 के तहत कोरिया जिले के गांव-गांव में परिवर्तन की बयार देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम आंजोखुर्द स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला को स्मार्ट शिक्षा की सौगात मिली है। अब इस विद्यालय में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चे डिजिटल तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा ग्रामीणों ने स्मार्ट टीवी लगाने की मांग को लेकर शिक्षा विभाग को आवेदन सौंपा था। इस पर विभाग ने गंभीरता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की और स्कूल में स्मार्ट टीवी स्थापित करवा दिया। जैसे ही टीवी स्कूल में लगा, बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चों ने कहा कि अब वीडियो, चित्र और ऑडियो के माध्यम से पढ़ाई और भी रोचक हो गई है। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे कठिन विषयों को समझाना आसान होगा और बच्चों की रुचि भी पढ़ाई में बढ़ेगी। शाला समिति अध्यक्ष नारायण सिंह ने बताया कि हमने सुशासन तिहार के दौरान जो मांग रखी थी, वह इतनी जल्दी पूरी होगी, यह सोचा नहीं था।

10 और 20 के नोट-सिक्के गायब, व्यापारी बेहाल

# छोटे नोटों की किल्लत ने बिगाड़ा बाजार का संतुलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जिलेभर के बाजारों में 10 और 20 रूपए के नोट और सिक्कों की किल्लत से व्यापारिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। चाय ठेला, सब्जी बेचने वाले, किराना दुकानदार, ऑटो चालक से लेकर मध्यम वर्गीय व्यापारी तक सभी को खुले पैसे न होने से रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं बैंक भी हाथ खड़े कर चुके हैं। साफ शब्दों में कहा जा रहा है कि छोटे नोट नहीं है। शहर के व्यापारियों का कहना है कि ग्राहक आते तो हैं, लेकिन जब भुगतान की बारी आती है तो या तो छोटे नोट नहीं होते या हम देने में असमर्थ होते हैं। ऐसी स्थिति में या तो ग्राहक सामान लिए बिना लौट जाता है, या व्यापारी को नुकसान झेलना पड़ता है। दुकानकार अजय जिवनानी बताते हैं कि 10 रुपए का समान बेचना मुश्किल हो गया है। बैंक प्रबंधन का किसी तरह का कोई भी सहयोग नहीं मिल पा रहा है। वहीं स्थानीय बैंकों से जब संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि 10 और 20 रूपए के नोट-सिक्कों की सप्लाई आरबीआई से ही कम आ रही है। एक शाखा प्रबंधक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमने बार-बार छोटे नोटों की मांग भेजी है, लेकिन मुख्य आपूर्ति केन्द्रों से ही कमी चल रही है। दूसरी ओर व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो वे सामूहिक रूप से ज्ञापन देंगे।

### व्यापारी की प्रमुख मांगें

- शहर में विशेष छोटा नोट वितरण शिविर चलाया जाए।
- आरबीआई से बात कर जिले को प्राथमिकता पर छोटे नोट और सिक्के उपलब्ध कराए जाएं।
- सिक्कों को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर किया जाए। कुछ लोग अब भी सिक्के लेने में हिचकते हैं।
- स्थानीय बैंक शाखाओं में छोटे व्यापारियों को प्राथमिकता पर छोटे नोट दिए जाएं।

# ऑडिटोरियम में डॉ. अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी

**बैकुण्ठपुर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के अंतर्गत व्यक्तित्व और कृतित्व पर सम्मान अभियान के तहत एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिलेश सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला मंत्री बसंत राय, सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल समेत कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अखिलेश सोनी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को एक सशक्त संविधान दिया, लेकिन स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस ने उनके साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार आने के बाद ही बाबा साहब को वास्तविक सम्मान मिल पाया।



जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने की बात कही और कहा कि आज का समतामूलक समाज उन्हीं की देन है। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने सामाजिक समरसता पर जोर दिया, वहीं रविदास समाज के जिलाध्यक्ष डीएल भास्कर ने संविधान की मूल भावना के अनुरूप भाईचारा और समानता का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विमला सोनवानी, रंजीत मंडल, संजय कुर्रे, मलखान सिंह, राजाराम राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, रामलखन यादव, रवि त्रिपाठी, शारदा गुप्ता, सतेन्द्र राजवाड़े, मनोज सोनवानी, दिलराज रवि, नोखेलाल कुर्रे, शाहिद असरफी, रोशन राजवाड़े, रमेश तिवारी, सुरेश राजवाड़े, लव रवि सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

22 -april- Jash-Coriya-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/22/2025 8:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जेईई एडवांस परीक्षा हेतु चेशांत श्रेयश ने हासिल की पात्रता




**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल के सत्र 2023-24 में कक्षा बारहवीं गणित संकाय से उत्तीर्ण मेघावी छात्र चेशांत कुमार पटेल पिता युधिष्ठिर प्रसाद पटेल ने अपने रैंकिंग में सुधार करते हुए जेईई मेंस परीक्षा 2025 सेशन II में 99.6 प्रतिशत हासिल किया है। साथ ही सत्र 2024-25 के कक्षा बारहवीं गणित संकाय में अध्ययनरत छात्र श्रेयश कुमार पिता संजीव कुमार सिंह ने अपने रैंकिंग में सुधार करते हुए जेईई मेंस परीक्षा 2025 सेशन-II में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित कर उक्त दोनों प्रतिभाशाली छात्रों ने आगामी 18 मई को आयोजित होने वाली जेईई एडवांस 2025 परीक्षा के लिए पात्रता हासिल कर ली है। दोनों होनहार छात्रों ने अटूट लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सही दिशा में कड़ी मेहनत करते हुए उक्त परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल कर अपने माता -पिता एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।विद्यालय के प्राचार्य एचके पाठक सहित विद्यालय परिवार ने प्रतिभाशाली छात्रों चेशांत कुमार पटेल और श्रेयश कुमार की शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दिन के तापमान में आंशिक वृद्धि 2-3 दिन यथावत रहेगी गर्मी

**अम्बिकापुर।** रात में दक्षिण की हवा चलने के कारण सोमवार को न्यूनतम तापमान में 1.0 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है जबकि पूरे दिन पश्चिम की गर्म हवाएं चलने के कारण अधिकतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई। सोमवार को मौसमी घटकों में बदलाव भी आया है लेकिन आगामी दो-तीन दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने एवं इस दौरान दिन का तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से हरियाणा, पश्चिम उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखण्ड होते हुए पश्चिम बंगाल के गंगेय क्षेत्र तक द्रोणिका विस्तारित है वहीं दूसरी द्रोणिक मध्यप्रदेश से उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए मैनार की खाड़ी तक सक्रिय है। द्रोणिका के प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही एवं गरज-चमक हो रही है वहीं पूरे दिन पश्चिम की गर्म हवाएं चलने के कारण सरगुजा सहित पूरे संभाग में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो सोमवार को बढ़कर 40.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक पश्चिम की गर्म हवाएं चलने एवं तापमान के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इधर एक नया पछुआ विक्षोभ उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है। जिसे 24 अप्रैल को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पहुंचने का अनुमान है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान के ऊपरी सतह पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं हवा की दिशा में बदलाव होने से गर्मी से कुछ राहत मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। दो दिन पड़ी तेज गर्मी का प्रभाव अब सड़कों पर दिखना शुरू हो गया है।

### किसान से फोन पे के माध्यम से 95 हजार रूपए की ठगी

**अंबिकापुर।** मणिपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर निवासी धन्नू राम यादव खेती किसानी का काम करता है। 22 मार्च को उसके मोबाइल नम्बर पर एक अज्ञात नम्बर से फोन आया और फोन करने वाले ने बोला मुझे पहचान रहे हो। जब किसान ने पहचानने से इनकार किया तो उसने खुद को मानिकपुरी गुरूजी होने का दावा करते हुए कहा कि उसके मोबाइल नम्बर पर फ़ोन पे नहीं चल रहा है इसलिए वह अपने बेटे से उसके फोन पे में 25 हजार रूपए डलवा रहा है। इस दौरान किसान के नम्बर पर फर्जी आया जिसके बाद किसान को ठग ने कहा कि 15 हजार रूपए बताए गये नम्बर पर भेज दे और शेष 10 हजार रूपए खुद रख ले। इसी तरह उसके पास दूसरी बार 35 हजार और तीसरी बार में 55 हजार रूपए का मैसेज आया। ठग के कहने पर किसान ने 15 हजार, 30 हजार और 50 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिया लेकिन उसके बाद किसान का फ़ोन पे नम्बर लॉक कर दिया। अपने साथ ठगी का एहसास होने पर किसान ने बैंक से जानकारी निकाली और उसके बाद उसने मामले की शिकायत अब पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बारात लेकर लौटते समय पेड़ से टकराई कार

# दूल्हे की बहन की सड़क हादसे में मौत, मातम में बदली खुशियां



दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

**खास बात**

- चालक को झपकी आने से हुई घटना

सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हो गए है। बड़ी बात यह है कि मृतिका महिला अपने भाई के शादी में शामिल होने आई थी और अंबिकापुर कामोदा बिहार में विवाह के बाद बरात लेकर वापस लौट रही थी। भाई के शादी के अगले दिन बहान की सड़क हादसे में मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई है और परिवार में शोक का माहौल निर्मित हो गया है। इस घटना से क्षेत्र में भी शोक की लहर फ़ैल गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि भटगांव के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज गुप्ता की शादी समारोह में शामिल होने के लिए सूरज गुप्ता की बहन जशपुर के दुलदुला निवासी 32 वर्षीया चांदनी गुप्ता पति निरंजन गुप्ता भटगांव आई हुई थी। रविवार को सूरज गुप्ता की शादी अंबिकापुर के कामोदा विहार होटल में हुई और शादी के बाद सोमवार की सुबह बारात वापस लौट रही थी। इसी दौरान चांदनी गुप्ता भी पति निरंजन गुप्ता के साथ स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक जेएच 01 सीपी 8189 से वापस लौट रही थी। कार को पति निरंजन गुप्ता ही चला रहे थे। इस दौरान अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर सकल पुर में चालक को संभवत झपकी आ गई और कार नियंत्रण से बाहर हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क किनारे साल के पेड़ से जा टकराई। इस घटना के कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि घटना में दुल्हे की बहन चांदनी गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए लेकिन शेष लोगों को मामूली चोट ही आई थी। इधर बहन के मौत की जानकारी मिलने के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है इसके साथ ही नगर में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## शादी समारोह से लौट रही महिलाओं की ऑटो पलटी, एक की मौत



- उदयपुर मुख्य मार्ग में हुई घटना

**अंबिकापुर।** शादी समारोह से लौट रहे महिलाओं की ऑटो पलटने से एक ही परिवार के लोग घायल हो गए। दुर्घटना में गम्भीर एक महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 20 अप्रैल को उदयपुर विकासखंड के ग्राम सलका निवासी उमेश्वर की मां 50 वर्षीया नान्ही बाई पति भूखल, युवक की मामी फूलमती, भाभी लाली, बहन प्रमिला व बेबी, चाची तीजा शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम अमगसी गए हुए थे। दिन में शादी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद परिवार के सभी सदस्य ऑटो क्रमांक सीजी 10 एएल 7113 से वापस गाँव लौट रहे थे। इस दौरान चालक द्वारा तेज और लापरवाहीपूर्वक ऑटो चलाया जा रहा था। उदयपुर मुख्य मार्ग पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ऑटो सडक किनारे पलट गई। इस घटना के बाद महिलाओं से भरी ऑटो में मदद के लिए चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा संजीवनी एम्बुलेंस 108 की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां शेष महिलाओं को मामूली चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई जबकि वृद्ध नान्ही बाई को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देर रात 10 बजे महिला को भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार सदमे में है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीण की मौत

अंबिकापुर। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के ग्राम गम्हरिया निवासी 50 वर्षीय शंकर भगत आ. भोला राम 20 अप्रैल को पत्नी बैजन्ती के साथ त्यौहार मानाने के लिए ग्राम बेकंठा गया हुआ था। त्यौहार से वापस घर लौटते समय बेकंथा और पीढ़ी के बीच शंकर भगत ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बाइक गिरने से दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गए। सडक दुर्घटना में घायल शंकर भगत की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई।

## डॉ. अंबेडकर का सपना मोदी सरकार कर रही साकार: अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




- डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान अंतर्गत डॉ.अंबेडकर सम्मान सभा व विचार संगोष्ठी संपन्न

भाजपा द्वारा सोमवार को डॉ.अंबेडकर सम्मान सभा व विचार संगोष्ठी का आयोजन चम्बोथी तालाब स्थित सभागार में आयोजित किया गया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर ने जीवन में अपार कष्ट झेले, सामाजिक अपमान सहा लेकिन कभी भी किसी जाति, धर्म या संप्रदाय के विरूद्ध कोई अपमानजनक शब्द नहीं कहा। उन्होंने संदेश दिया कि हमें सशक्त भारत बनाना है, तो संविधान के मार्ग पर चलकर ही आगे बढ़ना होगा। बाबा साहब का देश की संस्कृति और परंपराओं के प्रति गहरा सम्मान था। वे किसी जाति विशेष के नहीं पूरे देश के थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान में 25 बार संशोधन किया। वहीं भाजपा सरकार ने अब तक संविधान में 5 बार संशोधन किया और हर संशोधन जनहित में किया गया। आज कश्मीर जैसे क्षेत्रों में कुछ तत्व एसटी-एससी समाज को लेकर संविधान संशोधन के विषय में भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा कभी संविधान में संशोधन करती है तो वह डॉ.अंबेडकर की भावना के अनुरूप ही करेगी। बाबा साहब का सपना था भारत के हर व्यक्ति को आवास मिले, हर घर में शौचालय हो, और सबको स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा सरकारें बाबा साहब के इन सपनों को धरातल पर उतार रही हैं। ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन केवल दलित समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और मानवता के लिए एक प्रेरणा है। उनका संघर्ष हमें समतामूलक समाज की ओर ले जाता है। जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमारे संविधान ने हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता जैसे अधिकार दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ.अंबेडकर के जीवन से जुड़ी धरोहरों को संजोया और उन्हें पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया। अजय इंगोले ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम मानने वाले क्रांतिकारी चिंतक थे।

आज हम उनके विचारों को आत्मसात कर शिक्षित, संगठित और संघर्षशील समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। डॉ.योगेंद्र गहरवार ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने स्वास्थ्य और सामाजिक समानता के बीच गहरे संबंध को समझा था।

## बौद्धिक उपलब्धियों का संरक्षण हमारा कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- साई कॉलेज में हुई बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर कार्यशाला

श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी एवं छत्तीसगढ़ सोशियोलॉजीकल एसोसिएशन के तत्वाधान में इन्टलैक्युअल प्रापर्टी एक्ट विषय पर आयोजित कार्यशाला में राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र की कृषि वैज्ञानिक किरन तिग्गा ने कहा कि बौद्धिकता से उपजे विचार, खोज, अनुसंधान को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। यह चल-अचल सम्पत्ति की तरह ही है, इसका स्वरूप बदला हुआ है। अपनी रचना, कृति, खोज, अविष्कार हमारी बौद्धिक सम्पदा है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार की जानकारी होने से ही इसकी सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मार्का, लोगो, डिजाइन हमे उत्पाद की पहचान दिलाते हैं इसके भी संरक्षण के प्रावधान हैं जो हमे करना होगा।

प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यशाला सीखने के लिए है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रति हम जितना जागरूक होंगे, उतना ही उसकी रक्षा होगी। लेखक, कवि, अन्वेषक, वैज्ञानिक के अपने मौलिक अधिकार होते हैं। उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए ही बौद्धिक सम्पदा अधिकार है। कला, बौद्धिकता का मूल्य व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने ट्रेडमार्क, डिजाइन, एक्ट के बारे में अवगत कराया। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.आरएन शर्मा ने कहा कि बौद्धिक सम्पदा व्यक्ति की अर्जित संपदा है। खोज, अनुसंधान, कला, लेखन और उपलब्धियों के प्रति सचेत होकर संरक्षण करना होगा। शासकीय महाविद्यालय जरही के रोहित रस्तोगी ने पॉवर प्वाइंट के माध्यम से द रोल ऑफ कॉपीराइट इन प्रोटेक्टिंग लैंपस्केप आर्किटेक्ट डिजाइन को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार प्रत्येक क्षेत्र में है। इसके लिए देश-काल की सीमा है लेकिन कॉपीराइट के अधिकार का पालन करना होगा। उन्होंने सम्पदा को बौद्धिकता से हासिल करने की प्रक्रिया तथा पंजीकरण की विधि से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.किरन तिग्गा और रोहित रस्तोगी को शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र दास सोनवानी तथा पल्लवी मुखर्जी तथा आभार प्रदर्शन डा.दिनेश शाक्य ने किया। इस दौरान अरविंद तिवारी, शैलेष देवांगन, राकेश कुमार सेन, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## परिजन ने पैसा नहीं दिया तो युवक ने लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** परिजन द्वारा पैसा नहीं देने से नाराज हुए युवक ने मोहल्ले में पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। परिजन युवक को फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार गंगापुर नालापारा निवासी शेखर गिरी आ. परशु गिरी (20 वर्ष) आज सुबह परिजन से पैसों की मांग की जिस पर परिजन ने नशा करने के लिए पैसा नहीं देने की बात कही। जिस पर युवक भोजन कर घर से चला गया। कुछ समय बाद ही पड़ोसी सुधीर की पत्नी ने आकर बताया कि शेखर इमली पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया है। जानकारी लगते ही मां गोमती गिरी, भाई व पिता तत्काल मौके पर पहुंचे और शेखर को फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां गोमती गिरी ने बताया कि शेखर के दोस्त द्वारा नशा कराते थे। जब वह फांसी में लटका हुआ था तभी उसके मोबाइल में उसके दोस्त का फोन आया जो नशा का सामान उपलब्ध हो जाने की बात कही। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच के लिए डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, धू-धू कर जला ट्रक...



**सीतापुर।** नेशनल हाईवे 43 स्थित ग्राम चलता के समीप एक ट्रक में आग लग गई। कोयला लोड ट्रक अंबिकापुर से पत्थलगांव की ओर जा रही थी। जैसे ही चालक वाहन लेकर ग्राम चलता वेयर हाउस के समीप पहुंचा तभी शॉर्ट सर्किट की वजह से ट्रक में आग लग गई। इधर चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक को सड़क किनारे खड़ा अपनी जान बचाई। आग लगने के कुछ देर बाद ही देखते ही देखते आग पूरे ट्रक पर फैल गई। ट्रक के केबिन से तेज लपटे उठने लगी और कुछ समय बाद ट्रक का केबिन पूरी तरह आग की लपटों में घिर गया। घटना के दौरान नेशनल हाईवे के दोनों तरफ भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस घटना में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी।

## दहेजवार में घर बैठे हो रहा आवास प्लस का सर्वेक्षण, कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पा रही जानकारी

मोर द्वार साय सरकार अभियान के तहत चल रहे आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत दहेजवार में पंचायत के कर्मचारियों पर मामले में लापरवाही का आरोप लगा है।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा मोर द्वारा साय सरकार अभियान के आवास सर्वेक्षण प्लस 2.0 का कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड के ग्राम पंचायत दहेजवार में भी आवास सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है लेकिन पंचायत के रोजगार सहायक और सचिव की लापरवाही से पात्र लोगों का सर्वेक्षण नहीं हो पा रहा है पंचायत द्वारा एक सूची तैयार की गई है और उस सूची के तहत पंचायत कर्मचारी द्वारा ऑनलाइन आवास सर्वेक्षण प्लस 2.0 का कार्य किया जा रहा है। पंचायत द्वारा अपने से सूची तैयार कर ऑनलाइन सर्वेक्षण में पात्र व्यक्ति छूट जा रहे हैं। सूची में भी ऐसे व्यक्तियों का नाम शामिल किया गया है



जिनकी पंचायत से अच्छी खासी साठ गांठ है। हैरानी की बात तो यह है कि जब लोग पंचायत के रोजगार सहायक से इस सम्बन्ध में बात कर रहे है तो रोजगार सहायक के स्थान पर गांव के दबंग लोगों द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जा रहा है और। यही वजह है कि लोगों को पता नहीं चल पा रहा है कि आवास सर्वेक्षण में कौन कौन पात्र हुए है और कौन अपात्र जबकि नियमानुसार पंचायत कर्मचारी को प्रत्येक घरों में जाकर जानकारी इकट्ठा कर पात्र अपात्र व्यक्तियों का चयन करना है लेकिन पंचायत कर्मचारी द्वारा घर बैठे सूची तैयार कर लिया जा रहा है। इस संबंध में पंचायत सचिव दिलीप गुप्ता ने बताया कि पिछले दिनों हम लोग हड़ताल में थे। अभी वापसी हुए हैं इसलिए आवास सर्वेक्षण प्लस 2.0 का कार्य रोजगार सहायक मनोहर सोनवानी को प्रदान किया गया है और आईडी भी उसी का है इसलिए क्या सही क्या गलत ज्यादा जानकारी मुझे नहीं है। बिना किसी पद के यदि किसी व्यक्ति द्वारा हस्तक्षेप कर मनमानी की जा रही है और पंचायत के वरिष्ठ पद का डर दिखाकर ऐसा कार्य किया जाता है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी और रोजगार सहायक से भी इसकी पूछताछ की जाएगी।

### पात्र हितग्राहियों का होगा चयन

सूची तैयार कर सर्वे करने के लिए कहा गया है और सिर्फ पात्र व्यक्तियों का ही चयन करने के लिए हिदायत दी गई है ताकि अंतिम में किसी का कैंसिल होने से टारगेट कम ना हो। रोजगार सहायक दिव्यांग है इसलिए हो सकता है सहायक रखा हो। उसे ऐसा करने से मना करने एवं नियम अनुसार कार्य करने के लिए बोलता हूं और अभद्रता करने वाले व्यक्ति के मामले की जांच की जाएगी।

-रणवीर साय
सीईओ जनपद पंचायत

## छात्रा ने खुद ही ब्लेड से काट लिया गला, मौत

- कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग छात्रा द्वारा ब्लेड से अपने गली की नस काटकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। नस कटने से गंभीर छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भटगांव अंतर्गत ग्राम बरपारा निवासी 14 वर्षीया नेहा बरगाह आ. राजेन्द्र प्रसाद बरगाह कक्षा 10वीं की छात्र थी। परिजन के अनुसार 16 अप्रैल की दोपहर 3 बजे छात्रा जब मोहल्ले से घूमकर लौटी तो पिता ने उसे गर्मी और धूप में घूमने से मना किया था। इसके बाद छात्रा अपने कमरे में जाकर सो गई जबकि परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर ही थे। इसी दौरान नेहा की छोटी बहन बबली घर के अंदर कमरे में गई तो उसकी नेहा बिस्तर पर पड़ी थी और उसके गले से खून निकल रहा था ऐसे में उसने शोर मचाकर अपने माता पिता को बुलाया। जब माता पिता मौके पर पहुंचे तो देखा कि छात्रा का गला कटा हुआ है और बिस्तर पर एक ब्लेड पड़ा हुआ है इसके बाद आनन फानन में छात्रा को परिजन द्वारा उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

22 -april- Jash-Coriya-Raig-janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/22/2025 8:13 PM Page 1





# एसएस राजामौली हैं भारत के सबसे महंगे डायरेक्टर

**मुंबई।** अब तक आपने बड़े बड़े सुपरस्टार्स की फीस के बारे में तो ढेरों किस्से पढ़े होंगे। चलिए आज आपको भारत के सबसे महंगे फिल्ममेकर से मिलवाते हैं। जिनकी फीस के आगे बड़े बड़े धुरंधरों की फीस भी चिल्लर है। इंडियन सिनेमा में एक डायरेक्टर ऐसे हैं जिन्होंने अब तक जितनी फिल्में बनाई हैं वो सुपरहिट रही हैं। देश ही नहीं, दुनिया में भी इनका डंका बजा है। चलिए इनसे मिलवाते हैं। ये कोई और नहीं, बल्कि एसएस राजामौली हैं, जिन्हें भारत का सबसे हाईएस्ट-पेड फिल्म डायरेक्टर कहा जा सकता है। मूल रूप से वह तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री से आते हैं, मगर उनकी फिल्में पैन इंडिया ही होती है।

## लाइफ Style

# श्रुति शुरू की फिल्म 'कुली' के लिए डबिंग

सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म अपकमिंग फिल्म 'कुली'अगस्त में थिएटर्स में दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म पर काम चल रहा है। इसमें कमल हासन की बेटी श्रुति हासन भी नजर आएंगी. अब एक्ट्रेस ने 'कुली' की शूटिंग पूरी करने के बाद डबिंग में जुट चुकी हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हासन इसकी झलक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दिखाई है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्रुति हासन ने अपनी एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह हेडफोन लगाए हुए स्टूडियो में नजर आ रही हैं। श्रुति हासन ने कैप्शन में लिखा, 'डबिंग टाइम'. लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी इस एक्शन ड्रामा फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। हाल ही में कन्नड़ एक्टर उपेंद्र ने पहली बार पुष्टि की कि 'कुली' में उनका रजनीकांत के साथ कॉम्बिनेशन सीन हैं। लोकेश कनगराज की एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट का मेकर्स ने हाल ही में ऐलान किया।

सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म इस साल 14 अगस्त को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक्स के जरिए यह घोषणा की गई। आमिर खान भी रंजनीकांत की इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे. हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। फिल्म में रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी अहम किरदारों में दिखेंगे। इसके साथ ही हाल ही में पूजा हेगड़े की भी फिल्म कुली में एंट्री हुई है।




## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन बीबर को जरूरत है मदद की!

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर अक्सर ही खबरों में बने रहते हैं। इस सिंगर से कई कंट्रोवर्सी पहले भी जुड़ चुकी हैं। हाल ही में सिंगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह बेसुध से नजर आए। जस्टिन की हरकतें देखकर उनके फैंस को टेंशन होने लगी है। वायरल वीडियो को देखने के बाद फैंस ने कहा है कि जस्टिन को मदद की जरूरत है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें जस्टिन एक म्यूजिक इवेंट कोचेला में डांस करते दिखे।



# क्रिस्टन स्टीवर्ट ने गर्लफ्रेंड से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि लॉस एंजिल्स में करीबी लोगों के बीच क्रिस्टन ने अपनी गर्लफ्रेंड से शादी की है। रविवार यानी 20 अप्रैल को यह शादी हुई। क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर साल 2019 में रिलेशनशिप में आए, दोनों ने लगभग सात साल तक डेट किया। साल 2021 में दोनों ने अपने करीबी लोगों के बीच ही सगाई भी की थी। इसके बाद अकसर ही इन दोनों को पब्लिक इवेंट्स पर साथ देखा गया। क्रिस्टन के फैंस जानना चाहते थे कि वह शादी कब करेंगी? टीएमजेड की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टीवर्ट और उनकी गर्लफ्रेंड ने कोर्ट हाउस से शादी का लाइसेंस हासिल करने के बाद दोस्तों और परिवार के बीच सादे अंदाज में शादी की।



# मुस्लिम हूं, लेकिन मेरे लिए सुकून हैं शिव...

**मुंबई।** नुसरत भरूचा का मानना है कि ईश्वर एक है और उनतक पहुंचने के रास्ते अलग हो सकते हैं। वह नमाज पढ़ती हैं, रोजा रखती हैं और केदारनाथ जाकर नंदी के कान में विश भी मांगती हैं। वह सभी धर्मों को मानती हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि मुस्लिम होकर चर्च जाने या मंदिर जाने पर वह ट्रोलिंग को किस तरह लेती हैं। नुसरत भरूचा मुस्लिम है। वह फिर भी केदारनाथ गईं और ट्रोलिंग झेली।, 'मुझे शांति महसूस हुई। इतने लोग थे, लेकिन मैं माइंड में शांत हो गई थी। मेरे दिमाग और आत्मा में कोई परेशानी नहीं था। मुझमें उस वक्त एक स्थिरता आ गई थी। इसलिए, मैं वहां बैठ गई थी। वहां बहुत आवाज थी, लेकिन मुझे हवा की आवाज आ रही थी। मैं इस्लाम को मानती हूं, लेकिन शिव मेरे लिए सुकून हैं। मैं तो वैष्णो देवी भी गई हूं, मुझे शिव ने बुलाया था।'



# 'मर्दानी-3' की रिलीज डेट हुई अनाउंस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का पोस्ट रिलीज हो गया है। मेकर्स द्वारा जारी किए गए पोस्टर में रानी हाथ में बंदूक पकड़े नजर आ रही हैं। रानी का धाकड़ लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। वे सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर के साथ-साथ फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस की है। ये फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। मर्दानी' साल 2014 में रिलीज हुई थी। 'मर्दानी 2' साल 2019 में आई थी। वहीं 'मर्दानी 3' 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मतलब सात साल बाद लोग रानी को पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में देखेंगे। मर्दानी 3' के साथ फरवरी 2026 में सिनेमाघरों में तीन और फिल्में भी रिलीज होंगी।

## टीवी मसाला



# आर्यन को शतरंज का प्यादा बनाएगी माही मेंशन में अब होगी असली महाभारत...

**नई दिल्ली।** अनुपमा के साथ बातचीत में राघव उसे बताएगा कि जिन लोगों ने उनके साथ धोखा किया वो इसी शहर में रहते हैं। उधर राही फोन करके अपनी मां को बताएगी कि आज पराग और ख्याति की एनिवर्सरी है। सभी एक ग्रांड सेलिब्रेशन प्लान करेंगे। वसुंधरा, आर्यन और गौतम के राजी नहीं होने के बावजूद कोठारी मेंशन में एक शानदारी पार्टी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शाह परिवार के सभी सदस्य भी पहुंचेंगे। पुलिस ऑफिसर कॉल करके प्रेम को बताएगा कि जल्द ही उन्हें उस शख्स का पता चल जाएगा जिसने राही पर हमला किया था। इधर, राघव तक भी ये बातें पहुंचेंगी तो वह खुद ही अपना सच अनुपमा को बताने का फैसला करेगा। जब बात करने का मौका नहीं मिलेगा तो राघव एक पर्ची में अपनी सच्चाई लिखकर अनुपमा को दे देगा और चला जाएगा। संयोग ऐसा बनेगा कि अनुपमा को कोठारी मेंशन पहुंचने तक ये पर्ची पढ़ने का मौका ही नहीं मिलेगा। अनुपमा ख्याति को लेकर और उधर अनिल पराग को लेकर कोठारी मेंशन पहुंचेगा। फाइनली पराग और ख्याति आमने-सामने होंगे और दोनों एक दूसरे को प्यार भरी नजर से देखेंगे और चीजें संभलती नजर आएंगी। लेकिन, उससे पहले ऐसा बहुत कुछ होगा जिससे आने वाले तूफान की आहट मिलेगी। प्रेम जाकर अपने भाई को समझाने की कोशिश करेगा कि वह अपनी मां को माफ कर दे और माता-पिता के रिश्ते को बिगाड़ने की वजह ना बने।

## गौरव ने बताया रुपाली को क्यों नहीं मानते दोस्त

**नई दिल्ली।** गौरव खन्ना को अनुपमा सीरियल में अनुज कपाड़िया के रोल में काफी पॉप्युलैरिटी मिली। जब उन्होंने शो छोड़ा तो फैन्स का दिल टूट गया। शो छोड़ने की वजह क्या है, इसके पीछे कई कयास लगाए जाने लगे।



यह भी कहा गया कि उनकी रुपाली गांगुली से अनबन थी। अब गौरव खन्ना ने रुपाली गांगुली की तारीफ की है। उनका कहना है कि वह बहुत अच्छी इंसान है। यह भी बताया कि वह उन्हें दोस्त क्यों नहीं कहते। गौरव खन्ना ने बताया कि शो छोड़ने के बाद वह टीम के टच में हैं। बोले, 'शो छोड़ने के बाद किसी से बात नहीं हुई। राजन सर से बात हुई। अुपमा के स्पॉटबॉय ने मुझे कॉल किया था मास्टरशेफ के बाद।' रुपाली के बारे में गौरव बोले कि वह उन्हें दोस्त नहीं कह सकते। उन्होंने कहा, 'मैं रुपाली को फ्रेंड नहीं बोलूंगा। वह बढ़िया इंसान हैं, जिनसे मैंने बहुत कुछ सीखा। फ्रेंड क्या होता है कि मैं उन्हें कभी भी फोन कर दूं कि ये है, वो है। उनसे इस तरह के रिश्ते नहीं हैं। चाहे वो रुपाली हों या सुधांशु। यहां तक कि सुधांशुजी बोलना चाहिए। वह मेरी तरह बहुत स्पिरिचुअल हैं।'

# जैकलीन एलन मस्क की मां संग पहुंचीं सिद्धिविनायक मंदिर...

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडिस और एलन मस्क की मां मेय मस्क ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए। पारंपरिक परिधान में सजी जैकलीन ने मेय के साथ गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। मेय मस्क अपनी किताब के हिंदी लॉन्च के लिए भारत आई हैं। जैकलीन, जिन्होंने हाल ही में अपनी मां को खोया, मेय के साथ मंदिर में दिखीं। जैकलीन फर्नांडिस अरबपति एलन मस्क की मां मेय मस्क के साथ रविवार को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं। ट्रडिशनल आउटफिट और माथे पर दुपट्टा रखकर जैकलीन ने मेय मस्क के साथ गणपति बप्पा के दर्शन किए। मंदिर के अंदर से कई सारी झलकियां अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने ईस्टर के मौके पर मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेका।



ये दिन इसलिए भी स्पेशल रहा क्योंकि इस प्रसिद्ध मंदिर में बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए उनके साथ सुपरमॉडल, डाइटिशियन, लेखिका और टेस्ला एंड स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की मां मेय मस्क भी भी उनके साथ थीं। बता दें कि मेय मस्क अपनी किताब 'ए वूमन मेक्स ए प्लान' के हिंदी लॉन्च के लिए इस समय भारत में मौजूद हैं। सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने आईं जैकलीन अपने सिर पर दुपट्टा लिए नजर आईं और एलन मस्क की मां मेय भी यलो कलर के भारतीय पोशाक में मंदिर पहुंची थीं। मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए दोनों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। कई लोगों ने जहां मंदिर में दुपट्टा से उनके सिर ढकने की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने अपना दिमाग दौड़ाना शुरू कर दिया है।

# ऐश्वर्या-अभिषेक को एनिवर्सरी पर साथ देख खुश हुए फैन्स....

*मुंबई। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के तलाक की खबरों से उनके कई फैन्स के दिल टूटे थे। इस मैटर पर काफी गॉसिप भी चलती रही। अब ऐश्वर्या ने ऐनीवर्सरी पर अभिषेक के साथ फोटो पोस्ट करके सब कुछ ठीक होने की तरफ इशारा किया है। ऐश्वर्या राय के एक पोस्ट से उनके और अभिषेक बच्चन के फैन्स काफी खुश हैं। बीते कुछ वक्त से उन दोनों के तलाक की खबरें आ रही थीं। अब ऐश्वर्या ने अपनी एनीवर्सरी पर अभिषेक के साथ नई तस्वीर पोस्ट की है। इसके साथ में दिल वाला इमोजी भी लगाया है। इस पोस्ट को करीब ढाई लाख लोगों ने लाइक किया है। इस पोस्ट पर लोगों के कई तरह के पोस्ट दिख रहे हैं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन 20 अप्रैल साल 2007 में शादी के बंधन में बंधे थे। उनकी शादी को 18 साल हो चुके हैं। ऐनीवर्सरी के मौके पर*



*ऐश्वर्या ने अभिषेक और आराध्या के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। साथ में वाइट हार्ट इमोजी भी है। इस पर प्रियंका चोपड़ा सहित कई लोगों के लाइक्स हैं। फैन्स खुशी भी जता रहे हैं। एक फॉलोअर ने लिखा है, फाइनली सब ठीक हो गया, परिवार से इम्पॉर्टेंट कुछ नहीं है। इस पर एक रिप्लाई है, सब ठीक ही था भाई। एक ने लिखा है, इनके रीयूनाइट होने से मुझे क्यों खुशी हो रही है। एक और ने लिखा है, लो भी कन्फर्म हो गया कि डिवोर्स नहीं हो रहा है। एक कमेंट है, कौन था वो जो तलाक की खबर फैला रहा था। एक ने लिखा है, तीनों की साथ तस्वीर पोस्ट करने के लिए थैंक यू। शादीशुदा कपल्स को आप दोनों से सीखना चाहिए। कुछ भी हो, एक कपल को सारे उतार-चढ़ाव में साथ रहना चाहिए।*

## कॅरियर में 300 से अधिक फिल्मों में किया काम और बनीं हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस

# दो सगी बहनें : एक बनी सुपरस्टार, दूसरी रह गई गुमनाम बन गई दुश्मन!

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की सबसे सफल एक्ट्रेस की बात हो तो यकीनन श्रीदेवी का नाम सबसे टॉप पर आता है। जिन्होंने 300 फिल्मों में काम किया। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक उनकी तूती बोली। एक्टर से लेकर तमाम डायरेक्टर तक उनके फैन हुआ करते थे। लेकिन, क्या आप श्रीदेवी की बहन की कहानी के बारे में जानते हो। श्रीदेवी की एक सगी बहन भी रही हैं, जिनका नाम है श्रीलता। तो चलिए आज श्रीलता और श्रीदेवी के रिश्ते, दरार और पूरी कहानी से रूबरू करवाते हैं। श्रीदेवी ने कई दशकों तक राज किया है। कॅरियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस बनीं। वह साउथ से लेकर बॉलीवुड में लगातार काम करती थीं। कॅरियर के दौरान उनका नाम कभी मिथुन चक्रवर्ती से जुड़ा तो फिर शादी बोनी कपूर से कर ली। वहीं, दूसरी ओर उनका रिश्ता बहन श्रीलता के साथ शुरुआत में काफी गहरा रहा है। जहां श्रीदेवी इंडस्ट्री की बड़ी सुपरस्टार बनीं तो श्रीलता वहां तक नहीं पहुंच पाईं। फिर जिंदगी में एक मोड़ ऐसा आया कि दोनों के रिश्ते में खटास आने लगी। फिर तो एक मौका ऐसा भी था जब दोनों एक-दूसरे से बात भी नहीं करती।*



### क्यों पड़ी थी श्रीदेवी और श्रीलता में दरार

1996 की बात है। श्रीदेवी की मां अस्पताल में भर्ती थीं। तब दावा किया गया था कि उनका गलत ऑपरेशन के कारण याददाश्त कमजोर हो गई। बाद में उनकी तबीयत ठीक ही नहीं हुई और वह चल बसीं। इस घटना के बाद श्रीदेवी आगबबूला हो गईं और उन्होंने अस्पताल पर गलत ऑपरेशन का मुकदमा किया और 7.2 करोड़ रुपए का मुआवजा जीता। उस जमाने में उन्होंने इस रकम को अपने पास रख लिया।

### श्रीदेवी की बहन बनी मैनेजर

श्रीदेवी ने 1970 के दशक में अपने कॅरियर की शुरुआत की, तब श्रीलता अक्सर उनके साथ सेट पर जाती थीं। श्रीलता बहन के साथ-साथ साया की तरह रहती। कभी वह उनके साथ अवॉर्ड फंक्शन में दिखती तो कभी इंडस्ट्री के कार्यक्रमों में नजर आती। कहते हैं कि बहन की तरह श्रीलता भी इंडस्ट्री में आना चाहती थीं। वह भी हीरोइन बनने की चाहत रखती थीं। लेकिन, श्रीलता कभी हीरोइन न बन सकी और वह अपनी बहन श्रीदेवी की मैनेजर बन गईं।

### बहन ने दिया साथ

श्रीदेवी जहां इंडस्ट्री में बुलंदियां छू रही थीं, तो वहीं श्रीलता भी उनके हर कदम पर उनका साथ दे रही थीं। वह सब काम संभाल रही थीं। पहले उनकी मां सबकुछ देखती थीं। मगर, जब श्रीदेवी की मां का निधन हुआ तो दोनों बहनों के बीच दरार आ गई। तभी इस रिश्ते में खटास आने लगी।

### कर दिया था बहन ने ही केस

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मां के गुजरने के बाद श्रीदेवी ने अपनी मां की संपत्ति अपने नाम कर ली, जिससे श्रीलता नाराज हो गईं। यहीं से दो सगी बहनों के बीच दरार पड़ने लगी। फिर श्रीलता ने प्रॉपर्टी में अपना हिस्सा पाने के लिए बहन पर मुकदमा किया, यह दावा करते हुए कि उनकी मां मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थीं। श्रीलता को 2 करोड़ रुपए मिले, जिससे उनके रिश्ते में और कड़वाहट आ गई।

### जीजा चाहते थे सुलह करवाने

कहते हैं कि श्रीदेवी के पति और श्रीलता के जीजा बोनी कपूर ने दोनों बहनों के बीच सुलह कराने की लाख कोशिश की थी। एक वक्त तो ऐसा भी आया जब ये अफवाह उड़ी कि दोनों बहनों के बीच सब सही हो गया है। ये बात है 2013 की जब श्रीदेवी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया, तब उनकी बहन ने परिवार के बीच एक समारोह रखा। तभी ये बातें होने लगी थी कि दोनों के बीच सब सही हो गया है। हालांकि, इन मतभेद के खत्म होने की औपचारिक पुष्टि नहीं हुई। दोनों बहनें न तो साथ दिखीं न ही कुछ कहा।

***श्रीदेवी की मौत के बाद भी गायब थीं बहन :*** कहते हैं कि जब श्रीदेवी की आकस्मिक मौत हुई तो श्रीलता चेन्नई में प्रार्थना सभा में भी नहीं पहुंची थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने कहा, 'श्रीलता को चुप रहने और तस्वीर से बाहर रहने के लिए कहा गया है। कुछ लोगों से तो ये भी सुना है कि वह श्रीलता को चैन्नई वाले बंगले का हक भी देंगे।' प्रॉपर्टी तो सब श्रीदेवी की थी। उनकी दौलत शोहरत से ही संपत्तियां अर्जित की गई थी।

## खबर संक्षेप

### मोंहदी में रुकवाया गया बाल-विवाह

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा विकासखंड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम मोंहदी में परिवारजन को समझाईश देकर बाल-विवाह को रोका गया। ग्राम मोंहदी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते तथा उनकी टीम द्वारा गांव में उपस्थित होकर वर एवं वधु पक्ष के परिजन को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी गई। उन्होंने परिवारजन के साथ ही ग्रामीणजन को भी बाल विवाह के दुष्परिणाम और कम उम्र में बालक-बालिका का विवाह करने पर कानूनी कार्रवाहियों की जानकारी दी, जिससे वर एवं वधु पक्ष के परिजन ने बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करने की बात कही।

### युवती से दुष्कर्म और मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने 19 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि नवानगर निवासी राकेश सारथी उर्फ सोनू द्वारा युवती को शादी करने का झांसा देकर अपने घर में रखा गया और इस दौरान 31 दिसम्बर से 11 अप्रैल के बीच लगातार वह जबरन दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान जब युवती शादी की बात करती तो आरोपी उसके साथ मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी डेटा था। 10 अप्रैल को भी आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस द्वारा दरिमा नवानगर निवासी 20 वर्षीय राकेश सारथी उर्फ सोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## निधन

### पुरूषोत्तम कक्कड़



**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी व लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य पुरषोत्तम कक्कड़ पिता स्व. फकीर चंद कक्कड़ का सोमवार को भोपाल में इलाज के दौरान निधन हो गया। स्व. कक्कड़ 85 वर्ष के थे। स्व. पुरूषोत्तम स्व. कृष्ण, सतीश, श्रवण, शिवचरण व ओमप्रकाश कक्कड़ के भाई व राजू, राकेश व आशीष कक्कड़ मग्गू के ताया थे। इस पर स्थानीय व्यापारी जनों ने स्व.कक्कड़ को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम शिवपुर तहसील बैकुन्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक लिंगराज नायक आ. पंडा नायक, उम्र-59 वर्ष, जाति बेलमा, निवासी जी.एम. काम्पलेक्स बेस्ट चिरमिरी थाना पोड़ी तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा आवेदक के स्वामित्व की भूमि ग्राम शिवपुर प.ह.न. 04 रा.नि.मं. बैकुन्ठपुर के ख.न. 549/15 रकबा 0.0200/5 डिसमिल (2180 वर्गफीट) भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 8/05/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

## पांच की जगह तीन दिन चल रही फ्लाइट

# मनमाने उड़ान से यात्री परेशान बिना पूर्व सूचना निरस्त हो रही फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बैरंग लौट रहे यात्री, हर सप्ताह निरस्त हो रही फ्लाइट

जन प्रतिनिधियों की पहल पर अम्बिकापुर से रायपुर एवं बिलासपुर के लिए फ्लाइट सेवा तो प्रारंभ हो गई है लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी की मनमानी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाइट सेवा प्रदाता कंपनी डीजीसीए द्वारा जारी शेड्यूल का पालन तो नहीं ही कर रही हैं, अचानक फ्लाइट भी निरस्त कर दे रही है जिसके कारण यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है।

आवागमन की सुविधाओं की दृष्टि से पिछड़े सरगुजा को बड़ी सौगात देते हुए राज्य शासन की पहल पर 19 अक्टूबर को दरिमा स्थित मां महामाया हवाई अड्डा से फ्लाइट की सुविधा प्रारंभ की गई थी। फ्लाइट सुविधा शुरू होने से लोगों को कम समय में महानगरों का सफर आसानी से पूरा करने की उम्मीद जगी थी लेकिन सुविधा शुरू होने के छह महीने का समय गुजरने के बावजूद फ्लाइट अपने निर्धारित शेड्यूल से नहीं चल रही है। किसी भी व्यवस्था में प्रारंभिक समस्याएं आती हैं। प्रारंभिक दौर में शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट का संचालन नहीं होने पर यात्री इसे प्रारंभिक समस्या मान रहे थे लेकिन 6 महीने का समय गुजरने के बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं आने से लोग हैरान हैं।

प्रारंभ में डीजीसीए द्वारा सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग को 25 अक्टूबर 2024 तक सप्ताह में तीन दिन रायपुर से अम्बिकापुर, अम्बिकापुर से बिलासपुर, बिलासपुर से अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर से रायपुर फ्लाइट चलाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस बीच फ्लाई बिग के आवेदन पर डीजीसीए ने सप्ताह में पांच दिन फ्लाइट चलाने की अनुमति प्रदान की थी। प्रारंभ में फ्लाई बिग ने एक-दो दिन नए शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट चलाने का प्रयोग किया और बाद में निर्धारित शेड्यूल का पालन न कर पूर्व की तरह सप्ताह में तीन दिन ही फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है। खास बात है कि फ्लाई बिग स्वयं द्वारा निर्धारित दैनिक शेड्यूल का पालन नहीं कर रही है तथा बिना पूर्व सूचना अचानक फ्लाइट निरस्त कर दे रही है। दो दिन पूर्व शनिवार को रायपुर से अम्बिकापुर की फ्लाइट नहीं चली। इस दिन रीवा से दोपहर 12 बजे खाली फ्लाइट पहुंची एवं निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिलासपुर एवं रायपुर रवाना हुई। इधर सूचना के अभाव में रायपुर में यात्रियों को लंबे इंतजार के बाद फ्लाइट निरस्त होने की सूचना मिली। इसके पूर्व शुक्रवार को रायपुर की फ्लाइट समय पर पहुंची लेकिन पायलट की उड़ान अवधि कम बचने के कारण अचानक बिलासपुर की फ्लाइट निरस्त कर दी गई। इस दौरान बिलासपुर का सफर करने वाले यात्रियों ने एयरपोर्ट में जमकर हंगामा मचाया तथा लंबे समय इंतजार के बाद वापस घर लौट आए। ऐसी स्थिति प्रायः निर्मित होती है जब पूर्व सूचना दिए बिना सेवा प्रदाता कंपनी अचानक फ्लाइट निरस्त कर देती है।



### अनुमति 5 दिन की संचालन 3 दिन

फ्लाई बिग ने डीजीसीए से सप्ताह में पांच दिन फ्लाइट संचालित करने की अनुमति ली है लेकिन तीन दिन ही फ्लाइट का संचालन कर रही है। फ्लाइट के मनमानी संचालन से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा उनकी यात्रा लंबी हो जा रही है। निर्धारित शेड्यूल का पालन नहीं होने के कारण एयरपोर्ट पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को भी बेवजह ड्यूटी करनी पड़ रही है। शासन द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एयरपोर्ट के अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय उपस्थित रहते है लेकिन फ्लाइट का संचालन नहीं होता।

### व्यर्थ जा रहा कार्यकाल

सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग द्वारा डीजीसीए के अनुसार फ्लाइट ऑपरेशन नहीं करने के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों का कार्यकाल व्यर्थ हो जा रहा है।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा

# चोरी के बाद घर में गड्ढा खोदकर छिपाया था सोने-चांदी का जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने किया बरामद, हथियार चोरी में शामिल आरोपियों ने पुलिस रिमांड में किया खुलासा






आरक्षक के घर से घर से एके-47 राइफल और 90 राउंड जिन्दा कारतूस समेत अन्य सामान की चोरी करने वाले गिरोह ने शहर के गोधनपुर और गांधीनगर क्षेत्र में कई अन्य चोरियों को भी अंजाम दिया था। पुलिस रिमांड के दौरान की गई पूछताछ में महिला समेत चारों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घर में गड्ढा खोदकर छिपाए गए चोरी के सामान को बरामद किया है।

बता दें की गांधीनगर निवासी आरक्षक के सूने मकान से एके 47 राइफल और 90 राउंड जिंदा कारतूस की चोरी के मामले में पुलिस में पुलिस ने गांधीनगर निवासी सागर सिंह चौहान, प्रहलाद वासुदेव, शांति सिंह एवं अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से सर्विस राइफल एके 47 एवं 3 मैगजीन 90 राउंड, सोने चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान कुल किमती मशरुका 20 लाख रूपए जब्त किया था। इस दौरान पुलिस द्वारा गोधनपुर और राजेन्द्रनगर में हुई चोरियों में संलिप्तता को लेकर आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। न्यायालय से लिए गए रिमांड में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपियों ने 12 नवंबर की रात गोधानपुर निवासी प्रवीण कुमार टोप्पो के सूने मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवर, लैपटॉप समेत अन्य सामान की चोरी की थी। इसके साथ ही आरोपियों ने राजेन्द्र नगर निवासी राजेन्द्र प्रसाद गौतम के रींवा जाने के दौरान 8 से 23 मार्च के बीच घर क ताला तोडकर आलमारी एवं पेटी में रखा हुआ सोने चांदी का जेवर, चांदी का शिवलिंग, स्मार्ट वॉच, जूता, साउंड बॉक्स, पर्स, नगदी रकम 35 हजार रूपए की चोरी की थी। आरोपियों ने दोनों घरों से चुराए गए एक नग सोने का चैन, एक नग सोने का कंगन, एक नग सोने का हार, एक जोड़ी झुमका, सात नग अंगुठी, एक बड़ा एनटीपीसी का सिक्का, कुछ चांदी के सिक्के एवं चांदी की सामग्री, एक नग केसियो तथा एक नग लैपटॉप कों अपने घर के किचन के कोने में गड्ढा खोदकर सोने चांदी के गहने एवं सिक्कों का प्लास्टिक डब्बे में भरकर दबाकर रखना एवं उसके उपर बड़ा पेटी रख दिया और पेटी में ही चुराये हुए केसियो व लैपटॉप को रख दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लगभग 5 लाख रूपए का चोरी का सामान बरामद करने के साथ ही उन्हें रिमांड अवधी पूर्ण होने पर पुनः न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, उनि नवल दुबे, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, महिला आरक्षक तेजेश्वरी राजवाड़े, आरक्षक मनीष सिंह, आनंद गुप्ता, विकाश सिंह, अरविन्द उपाध्याय, राहुल सिंह, ऋषभ सिंह सक्रिय रहे।

## कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। श्रीनगर अंतर्गत गणेशपुर चिरका पखना पारा निवासी निरंजन सिंह आ. स्व. फूल सिंह (25 वर्ष) शराब पीने का आदी था। 18 अप्रैल की शाम 7 बजे नशे की हालत में घर आया और कीटनाशक पी लेने की बात परिजन को बताई। परिजन युवक को तत्काल श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को सूरजपुर अस्पताल में जांच कराने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# बचपन प्ले स्कूल में मना वर्ल्ड अर्थ डे



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। भारत सहित लगभग 195 ज्यादा देश पृथ्वी दिवस मनाते हैं। पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत सन- 1970 में हुई थी। पृथ्वी पर वायु, जल, मिट्टी, सूर्य का प्रकाश अनुकूल तापमान समेत जीवन जीने के लिए सभी प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध है। पृथ्वी केवल इंसानों के लिए ही नहीं बल्कि जीवों के लिए भी जीवन दाहिनी है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि लोगों को जागरूक किया जाए, पृथ्वी को संरक्षित किया जाए, पृथ्वी में उपस्थित सभी प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग जरूरत के हिसाब से हो उन्हें पूरी तरह संरक्षित किया जाए और क्षति होने से बचाया जाए। आज जब प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग जंगलों की कटाई जैसे समस्याएं बढ़ रही है। कार्यक्रम का संचालन कर रही विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती राशि गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए विभिन्न उपायों को विस्तार से समझाया और कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं वैष्णवी जायसवाल, आरिका खान, साधना सिंह, शिल्पी सिन्हा, रेखा दोहरे,बी सांई प्रीति, राधा पांडे ,प्रियंका सिंह, रुचि सेन, सबा परवीन, नंदिनी साहू, शालिनी वर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मना अंतरराष्टीय मातृ पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़




शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अंतरराष्टीय मातृ पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर को विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों और चित्रों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण प्रकृति प्रेम से सराबोर हो गया। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने बीज रोपण कर हरियाली का महत्व बताया, वहीं केजी-1 के बच्चों ने हस्तनिर्मित वृक्ष की कलाकृतियां प्रस्तुत की। केजी-2 के विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय पर संगीतमय नाट्य प्रस्तुति देकर भू-संरक्षण और प्लास्टिक के दुरूपयोग से बचने का संदेश दिया। कक्षा पहली से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण तथा चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस न केवल पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि छोटी-छोटी आदतें बड़े बदलाव ला सकती हैं। बिजली की बचत, पानी का संरक्षण, प्लास्टिक का सीमित प्रयोग और स्वच्छता जैसे प्रयास पृथ्वी को बचाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है।

# प्रदेश उपाध्यक्ष और मंत्री को मिला निर्वाचन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नव निर्वाचित प्रदेश प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर के शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेश बैश राज्यपाल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया से निर्विरोध सर्वसम्मति से निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता एवं प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए पद की गोपनीयता की शपथ ली। इस पर चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

# 62 हजार से अधिक आवेदनों का शीघ्र करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

- सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण करने निर्देश

सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जनआवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण के लिए मंगलवार को जिला कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में (8 से 11 अप्रैल 2025) जिले में 62,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें, मांग और सुझाव से संबंधित हैं। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप व उनके निर्देश के तहत हम सबको सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान तेजी से करना है।

# चिरमिरी से कश्मीर घूमने गए 4 परिवार के 11 सदस्य आतंकी हमले में सुरक्षित



**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले की कोयलांचल नगरी चिरमिरी से जम्मू-कश्मीर घूमने गए 4 परिवार के 11 सदस्यों का दल आतंकी हमले के दौरान उसी क्षेत्र में मौजूद था, लेकिन राहत की बात यह है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार बीते 18 अप्रैल को चिरमिरी से कुलदीप स्थापक, हैप्पी बधावन, शिवांश जैन, आशीष अग्रवाल सपरिवार पर्यटन पर कश्मीर गए हुए थे। हमले की सूचना मिलते ही परिजनों की चिंता बढ़ गई थी, लेकिन थोड़ी ही देर में यह पुष्टि हुई कि सभी यात्री घटना स्थल से सुरक्षित दूरी पर थे और उन्हें किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची।

**कश्मीरी कारोबारियों का मिला सहयोग** - चिरमिरी निवासी कुलदीप ने बताया कि घटना के दौरान हमें कश्मीरी कारोबारियों का काफी सहयोग मिला, जो कपड़े का व्यवसाय करने चिरमिरी आते थे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
23 मई 2025
06 जून 2025
14 अगस्त 2025
11 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)